BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI........

Date 27/11/2025 .... Page ....11......... Column ......03......

Subject .... बीएमयू मे संविधान दिवस पर छात्रों को मौलिक अधिकारों की जानकारी दी

बीएमयू में संविधान दिवस पर छात्रों को मौलिक अधिकारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर संबोधन करते हुए कुलपति प्रो. बी. एम. यादव।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर विभिन्न संकाय विधि संकाय, मानविकी संकाय व कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट और कॉमर्स फैकल्टी द्वारा कई सार्थक तथा ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक आदर्शों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय के वातावरण में उत्साह, सहभागिता और विचारों की गूंज पूरे दिन बनी रही। मानविकी संकाय के राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में "एक राष्ट्र: एक चुनाव" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. बीएम यादव के प्रेरक संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने संविधान की मूल अवधारणाओं, नागरिक दायित्वों और अधिकारों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) बीएम यादव ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे व्यापक और प्रगतिशील संविधानों में से एक है। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि हमें उन कर्तव्यों की भी याद दिलाता है, जिससे एक मजबूत और जिम्मेदार समाज का निर्माण होता है।